कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर
(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने दिए निर्देश

वार्ड स्वच्छ रहें, इसके लिए जोन उपायुक्त प्रतिदिन वार्डों का करें निरीक्षण

वार्ड से ओपन कचरा डिपो हटे, इसके लिए सफाई कर्मचारियों की करे मॉनिटरिंग

जयपुर। हेरिटेज निगम के वार्डों को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता प्रहरी दिन–रात जुटे हुए है। वार्ड पूरी तरह से साफ हों और ओपन कचरा डिपो हटें, इसके लिए जोन उपायुक्त और अधिशाषी अभियंता प्रतिदिन से दो से तीन वार्ड के वार्ड प्रभारी, स्वास्थ्य निरीक्षक, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ बैठक करेंगे। ये निर्देश सोमवार को हेरिटेज मुख्यालय के सभागार में हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने दिए। आयुक्त सुराणा सोमवार को मुख्यालय में सभी ओआईसी, जोन उपायुक्त और अधिशाषी अभियंता के साथ रिव्यू मीटिंग ले रहे थे। इस दौरान आयुक्त सुराणा ने कहा कि जोन उपायुक्त क्षेत्र में दौरा कर यह सुनिश्चित करें कि वार्डों से पूरी तरह से कचरा डिपो हटें, साथ ही जिन इलाकों से कचरा उठने मे परेशानी आ रही है, उनका भी जल्द समाधान करें।

पार्किंग स्थलो का करे निरीक्षण

साथ ही आयुक्त अभिषेक सुराणा ने राजस्व शाखा को हेरिटेज निगम क्षेत्र में आ रही पार्किंग स्थलों के निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। वहीं पार्किंग ठेकेदार के अगर किसी वाहन चालक से ज्यादा पैसे लें तो उस पर कार्रवाई की जाएं। कई जगहों पर वाहन चालक दो घंटे की जगह 24 घंटे तक वाहन पार्क करता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएं।

अवैध निर्माणों के खिलाफ की जाएं सख्त कार्रवाई

साथ ही, आयुक्त सुराणा ने परकोटे में हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जोन उपायुक्त और सतर्कता शाखा को निर्देश दिए कि परकोटे में बन रहे अवैध निर्माण को सीज या नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएं।

MUNICIPAL CORPORATION
JAIPUR HERITAGE, JAIPUR
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024
#MeraSheharMeriPehchan

MUNICIPAL CORPORATION
JAIPUR HERITAGE, JAIPUR
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
स्वच्छ सर्वेक्षण
#MeraSheharMeriPehchan 2024
जागो जयपुर

MUNICIPAL CORPORATION
JAIPUR HERITAGE, JAIPUR
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
स्वच्छ सर्वेक्षण
#MeraSheharMeriPehchan 2024
जागो जयपुर